# आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों पर सख्ती, पंद्रह प्रतिष्ठान बंद, विवाद

## अरेरा कॉलोनी में कार्रवाई का विरोध, दुकानदारों ने पक्षपात का लगाया आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में आवासीय क्षेत्रों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई सोमवार से शुरू हो गई। निगम की टीम ने चार घंटे के भीतर सर्वधर्म, अरेरा कॉलोनी और खानूगांव सहित कई क्षेत्रों में 15 से अधिक प्रतिष्ठान बंद कराए। रचना नगर में जुबा डांस हाउस को सील किया गया।



अरेरा कॉलोनी में कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने विरोध जताया। आर्य समाज मंदिर के पास पहुंची निगम टीम के सामने दुकानदारों ने आरोप लगाया कि केवल छोटे व्यापारियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि अन्य स्थानों पर भी व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। विरोध के बाद निगम अमला आगे बढ़ गया। 10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष आनंद सोनी ने कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर मास्टर प्लान लागू नहीं होने से यह स्थिति बनी है। व्यापारियों ने मिक्स लैंड यूज व्यवस्था लागू करने की मांग भी उठाई।

इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले रहवासी विवेक त्रिपाठी ने कहा कि कार्रवाई में समानता होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े और प्रभावशाली लोगों को छोड़कर छोटे कारोबारियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कार्रवाई की रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही।

नगर निगम ने कार्रवाई से पहले कई प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए थे। निगम के अनुसार 26 अगस्त तक कुल 8264 नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद दस्तावेजों की जांच की गई। रविवार को कई स्थानों पर 24 घंटे के नोटिस दिए गए और सोमवार से सीलिंग की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान सर्वधर्म बी सेक्टर स्थित होटल, गौतम नगर स्थित होटल, खानूगांव में संचालित व्यावसायिक गतिविधियां और अरेरा कॉलोनी के कुछ प्रतिष्ठानों को बंद कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस बल भी तैनात रही।आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग और अवैध निर्माण के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। निगम को कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।

# विजय शाह मामले में जांच पूरी, फैसले का इंतजार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई विवादित टिप्पणी से जुड़े मामले में विशेष जांच दल की जांच पूरी हो गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एसआईटी ने जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश की। विजय शाह ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ के समक्ष हुई।

**▸▸ सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप से किया इनकार, जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश**

**▸▸ विजय शाह के खिलाफ अभियोजन चलाने की मंजूरी का मामला**

सुनवाई के दौरान एसआईटी की ओर से बताया गया कि जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन विजय शाह के खिलाफ अभियोजन चलाने की मंजूरी का मामला अभी राज्यपाल के स्तर पर लंबित है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अभियोजन मंजूरी के मुद्दे में फिलहाल हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि राज्यपाल को इस संबंध में निर्णय लेने दिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने भी कहा कि जांच रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जानी है। अब मामले में राज्यपाल के निर्णय का इंतजार किया जाएगा।

# बायोमेडिकल कचरा मिलने पर 50 हजार का जुर्माना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की हाउसकीपिंग एजेंसी पर नगर निगम ने बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण में लापरवाही बरतने पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सोमवार को नगर निगम की टीम ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कचरे में बड़ी मात्रा में बायोमेडिकल वेस्ट मिला हुआ पाया गया। जोन-17 के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राम रतन लोहिया के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की। अस्पताल के मेडिकल वेस्ट सहित अन्य कचरे के निस्तारण की जिम्मेदारी हाउसकीपिंग एजेंसी बीवीजी की है।

नगर निगम सूत्रों के अनुसार अस्पताल के कचरे में बायोमेडिकल वेस्ट मिलाने की शिकायतें पहले से प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों के आधार पर सोमवार को निरीक्षण किया गया, जिसमें स्थिति सही पाई गई। इसके बाद एजेंसी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। बताया गया कि बीवीजी एजेंसी पर इससे पहले भी मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे में मिलाने के मामले में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। इसके बावजूद दोबारा बायोमेडिकल वेस्ट मिलने पर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माने की राशि बढ़ाई है। नगर निगम ने अस्पतालों में कचरा निस्तारण व्यवस्था को लेकर निगरानी बढ़ा दी है।



**▸▸ औचक निरीक्षण में मेडिकल वेस्ट अन्य कचरे में मिला, पहले भी हो चुकी है कार्रवाई**

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में लापरवाही पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार को नोटिस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कोलार तहसील के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोलार तहसीलदार यशवर्धन सिंह तथा नायब तहसीलदार कुनाल अवासया और केके पडोले को नोटिस जारी किए जाएंगे। सोमवार को आयोजित समयावधि बैठक में सामने आया कि अगस्त माह में कोलार तहसील में सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज एक भी शिकायत का निराकरण नहीं किया गया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कोलार एसडीएम पीसी पांडे को भी शिकायतों के निराकरण में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत बिना कार्रवाई के लंबित नहीं रहनी चाहिए। सभी अधिकारी शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्रों की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने हितग्राहियों की सुविधा और स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए जरूरत पड़ने पर दुकानों के स्थान परिवर्तन की कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी को समन्वय से आंगनवाड़ी केंद्रों को निकटवर्ती स्कूलों में सह-स्थापित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का अगला शिविर नगर पालिका परिषद बैरसिया में आयोजित किया जाएगा।

# भव्य रामराजा लोक से निखरेगी ओरछा और बुंदेलखंड की नई पहचान

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर विरासत संरक्षण और पर्यटन विकास पर दिया जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों को गौरवशाली इतिहास से अवगत कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ओरछा को पर्यटन के अद्भुत केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है और भव्य रामराजा लोक बुंदेलखंड की पहचान को नई ऊंचाई देगा।

मुख्यमंत्री ने ओरछा स्थित रामराजा लोक में जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में प्रतिष्ठान संचालकों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने।

डॉ. यादव ने जुझार सिंह महल में चल रहे निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया तथा जहांगीर महल की ऐतिहासिक स्थापत्य कला को भी देखा। उन्होंने कहा कि प्राचीन भवनों का जीर्णोद्धार उनके मूल स्वरूप को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इसके लिए पारंपरिक निर्माण सामग्री और कुशल कारीगरों की सहायता ली जा रही है। निरीक्षण के दौरान रामराजा मंदिर परिसर के प्राचीन सावन-भादो स्तंभों के संरक्षण पर भी विशेष चर्चा हुई। नए निर्माण कार्यों के दौरान इन ऐतिहासिक संरचनाओं को सुरक्षित रखने के साथ आसपास के क्षेत्र को श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुगम बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल महालोक के बाद उज्जैन में धार्मिक पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। इसी तर्ज पर ओरछा, चित्रकूट, दतिया, नलखेड़ा और मंदसौर सहित प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राम और कृष्ण से जुड़े प्रमुख स्थलों को जोड़कर राम-कृष्ण पथ विकसित करने की योजना है। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।



# लघु उद्योग भारती की बैठक गुना में

**नप्र, भोपाल :** लघु उद्योग भारती मध्य भारत प्रांत की प्रांतीय बैठक 1 सितंबर को गुना के राजविलास में आयोजित की जाएगी। बैठक में मध्य भारत प्रांत के 16 जिलों के पदाधिकारी और उद्यमी शामिल होंगे। बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगी। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा और प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी सहित केंद्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे।

मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष सोबरन सिंह तोमर और महामंत्री विनोद नायर ने सभी इकाइयों के अध्यक्षों से निर्धारित समय से पहले बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है। प्रत्येक इकाई से अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के अलावा पांच से अधिक सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# फर्जी आईएएस तृप्ति के विधानसभा परिसर वाले वीडियो आए सामने

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अशोकनगर जिले के चंदेरी में फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर लोगों से ठगी के आरोप में गिरफ्तार तृप्ति सिंह राजपूत से जुड़े नए वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में तृप्ति अपनी दो सहेलियों के साथ विधानसभा परिसर के बाहर घूमते हुए ब्लॉग बनाती नजर आ रही है।

एक वीडियो में लाल साड़ी पहने तृप्ति खुद को प्रोबेशनर बताती दिखाई देती है। बातचीत के दौरान उसकी सहेली उसे सीनियर अधिकारी बताती है, जबकि तृप्ति कहती है कि उनकी हरकतों को देखकर कोई उन्हें अधिकारी नहीं समझेगा। सहेलियों ने वीडियो में विधानसभा में आने और बाहर ब्लॉग शूट करने की बात भी कही। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की जांच चंदेरी में सामने आए कथित ठगी के मामलों से आगे बढ़ गई है। पुलिस को आशंका है कि तृप्ति लोगों को प्रभावित करने और अपनी कथित फर्जी पहचान को विश्वसनीय बनाने के लिए ऐसे वीडियो बनाती थी। तृप्ति पर चंदेरी में चार युवकों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 9.80 लाख रुपये लेने का आरोप है। वहीं भोपाल के बागसेवनिया थाने में 39.17 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला भी दर्ज है। इसमें होटल-रिसॉर्ट संपत्ति लीज पर दिलाने और नौकरी लगवाने के नाम पर रकम लेने के आरोप हैं। पुलिस अब तृप्ति के भाई और अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। उसकी दोनों सहेलियों से पूछताछ किए जाने की संभावना भी जताई जा रही है।



**सहेलियों संग ब्लॉग बनाते हुए खुद को बताया प्रोबेशनर, ठगी के मामलों में जांच का दायरा बढ़ा**

# यतीमखाने की जमीन को लेकर विवाद गहराया

**▸▸ वक्फ बोर्ड की एफआईआर के बाद अस्पताल पर ताला लगाने और पानी की व्यवस्था रोकने के आरोप**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के शाहजहांनाबाद स्थित दारुल शफकत यतीमखाने की करीब 2.7 एकड़ जमीन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने संपत्ति को 1961 से गजट नोटिफाइड वक्फ संपत्ति बताते हुए दारुल शफकत सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष शाहिद अलीम खान सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वक्फ बोर्ड का आरोप है कि संपत्ति को निजी बताते हुए भवन निर्माण की अनुमति ली गई और जमीन का एक हिस्सा जीवन रेखा अस्पताल को किराए पर दिया गया। बोर्ड के अनुसार जुलाई 2011 से मई 2025 तक अस्पताल से करीब 1 करोड़ 96 लाख रुपये किराया और 30 लाख रुपये सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में प्राप्त हुए, जिसका पूरा हिसाब उपलब्ध नहीं कराया गया। इधर, दारुल शफकत सोसायटी ने अस्पताल प्रबंधन पर यतीमखाने के एक हिस्से में रात के समय ताला लगाने, पानी की मोटर और टैंक तक पहुंच रोकने तथा सिलाई सेंटर का सामान बाहर निकालने का आरोप लगाया है। सोसायटी का कहना है कि इससे यतीमखाने में रह रहे करीब 98 बच्चों की पानी व्यवस्था प्रभावित हुई है और टैंकर से पानी मंगाना पड़ रहा है। वक्फ बोर्ड का कहना है कि संपत्ति 'वक्फ इदारा यतीम खाना शाहजहानी' के नाम पर दर्ज है और यूएमईईडी पोर्टल पर भी दर्ज है। बोर्ड ने मामले में करीब 28 करोड़ 91 लाख रुपये की आरआरसी जारी होने की जानकारी दी है।

# डॉ. शशि की पुस्तकों 'अंतरध्वनि' और 'भक्ति गीतांजलि' का लोकार्पण

## साहित्य और भक्ति के समन्वय से सजा आयोजन, रचनाओं की अतिथियों ने की सराहना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** एक निजी होटल वर्षिश इन में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में डॉ. शशि शर्मा की पुस्तकों 'अंतरध्वनि' और 'भक्ति गीतांजलि' का भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने की। मुख्य अतिथि डॉ. नीलिम्प त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि डॉ. कुमकुम गुप्ता एवं डॉ. शिरोमणि दुबे तथा सारस्वत अतिथि डॉ. नंदकिशोर सोनी और अशोक त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 'भक्ति गीतांजलि' में संकलित भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति मधुर शर्मा ने दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि लेखक की पहली पुस्तक उसके साहित्यिक सफर की महत्वपूर्ण शुरुआत होती है और उसे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति का नया आकाश मिलता है। उन्होंने डॉ. शशि शर्मा को साहित्यिक यात्रा के नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि डॉ. नीलिम्प त्रिपाठी ने नारी शक्ति की रचनात्मक क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की संवेदनशीलता और अनुभव जब शब्दों का रूप लेते हैं तो साहित्य को नई दृष्टि मिलती है। उन्होंने दोनों पुस्तकों के शब्द-शिल्प और रचना शैली की सराहना की।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने आज लोकभवन में सौजन्य भेंट की।

# प्रणव मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा गरीब कल्याण के प्रति उनकी संवेदनशील दृष्टि के लिए प्रणव मुखर्जी सदैव स्मरण किए जाएंगे।

# रोड सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष सप्रे पहुंचे फिटनेस सेंटर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने अनफिट वाहनों को फिट घोषित करने की प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के निर्देश दिए हैं। श्री सप्रे ने सोमवार को बायपास स्थित भोपाल ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया । उन्होंने अध्यक्ष श्री सप्रे ने वाहनों का फिटनेस किये जाने की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। फिटनेस के दौरान वहां मौजूद एक वाहन की संपूर्ण फिटनेस प्रक्रिया कराई गई। फिटनेस टेक्नीशियन से जब पूछा गया कि क्या हुआ? तब टेक्नीशियन ने कहा कि यह वाहन पास हो गया है परंतु जब उक्त वाहन की सिस्टम पर रिपोर्ट देखी गई तो वह वाहन हेडलाइट और हॉर्न की कमी के कारण फेल दिखाया गया। श्री सप्रे ने आपत्ति ली और निर्देश दिए कि जब तक रिपोर्ट कंप्लीट नहीं हो जाती तब तक इस प्रकार का निर्णय नहीं आना चाहिए। बाद में उन्होंने संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन कर समझाईश दी

# जनजातीय गांवों तक पहुंच रहा राशन 7 लाख से अधिक परिवारों को सुविधा

## मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना 89 जनजाति विकासखंडों में लागू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश के 20 जिलों के 89 अनुसूचित जनजाति विकासखंडों में मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना लागू की गई है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि योजना के तहत 6575 आश्रित ग्रामों के लगभग 7 लाख 13 हजार परिवारों को गांव में ही राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

राशन परिवहन के लिए 472 सेक्टर बनाए गए हैं। चयनित जनजातीय हितग्राहियों को बैंक ऋण के माध्यम से वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके लिए राज्य सरकार ने 2 से 3 लाख रुपये तक मार्जिन मनी दी है। योजना से ग्रामीणों के श्रम और मजदूरी की बचत के साथ जनजातीय युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

# सीजेपी की बैठक में छात्रों और आयोजकों के बीच विवाद, जांच की मांग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के गांधी भवन में रविवार शाम सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) की बैठक के दौरान छात्रों और आयोजकों के बीच विवाद हो गया। सरकारी स्कूलों के ऑडिट से संबंधित बैठक में सवाल-जवाब के दौरान छात्रों ने अभद्र व्यवहार और माइक छीनने की कोशिश का आरोप लगाया। सोमवार को छात्रों ने श्यामला हिल्स थाने पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी नीलम पटवा ने बताया कि गांधी भवन में सीजेपी की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की पूरी जानकारी गांधी भवन प्रबंधन को नहीं थी। बैठक में छात्रों द्वारा सवाल पूछे जाने के बाद विवाद की स्थिति बनी और करीब 30 से 40 छात्र वहां पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया।

छात्रों ने आरोप लगाया कि वे शिक्षा और सरकारी स्कूलों से जुड़े मुद्दों को समझने तथा सवाल पूछने के लिए बैठक में पहुंचे थे। छात्र गौतम जैसवाल ने बताया कि उन्होंने संगठन के पदाधिकारी से दिल्ली के प्रदर्शन से जुड़े मुद्दे पर सवाल किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और उनसे माइक छीनने की कोशिश की गई। छात्रों ने थाने में दिए ज्ञापन में बैठक की अनुमति, प्रशासनिक स्वीकृति, वीडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज की जांच की मांग की है।